जग से निराली है मेरी माॅ सबसे प्यारी है लिरिक्स

जग से निराली है मेरी माॅ,
सबसे प्यारी है,
मेरी माॅ मगरोला वाली,
तेरी महिमा न्यारी है,
मेरी मैया झण्डे वाली,
तेरी महिमा न्यारी है।bd।

तर्ज – दीवाना बना दिया हमें।

अखण्ड ज्योत जलती है निशदिन,
माॅ तेरे दरबार,
पल में संकट हर लेती जो,
आता तेरे द्वार,
भगतो की बिगड़ी किस्मत तुने,
पल में संवारी है,
मेरी मैया झण्डे वाली,
तेरी महिमा न्यारी है।bd।

प्राचीन समय से लगा हुआ है,
मां का प्यारा धाम,
तेरी छत्र छाया में रहता है,
मगरोला धाम,
तेरी कृपा से आनन्द करती है,
ये नगरी सारी है,
मेरी मैया झण्डे वाली,
तेरी महिमा न्यारी है।bd।

नवरात्रि में मां का प्यारा,
सजता है दरबार,
'अलकनंदा' शरण में आई,
विनती करो स्वीकार,
तेरी चोखट मैया मुझको सारे,
जग से प्यारी है,
मेरी मैया झण्डे वाली,
तेरी महिमा न्यारी है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जग से निराली है मेरी मॉ,
सबसे प्यारी है,
मेरी मॉ मगरोला वाली,
तेरी महिमा न्यारी है,
मेरी मैया झण्डे वाली,
तेरी महिमा न्यारी है।bd।

Singer – Alaknanda Didi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com